# इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

## मानविकी विद्यापीठ (SOH)

# वैदिक गणित में प्रमाणपत्र (CVG)

# Certificate in Vedic Ganit (CVG)

# (ODL Mode)

## कार्यक्रम दर्शिका

## Programme Guide

मानविकी विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068
ई मेल **sohignou.ac.in**

# वैदिक गणित में प्रमाणपत्र (CVG)
# Certificate in Vedic Ganit (CVG)

## मानविकी विद्यापीठ

जुलाई 2022 शैक्षणिक सत्र से इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय **वैदिक गणित में प्रमाणपत्र (CVG)** कार्यक्रम का शुभारम्भ कर रहा है। यह छः महीने की अवधि वाला प्रमाणपत्र कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यन्त ही उपयोगी सिद्ध होगा । यह कार्यक्रम कुल 16 क्रेडिट का है, जिसमें छात्रों को चार– चार क्रेडिट के 4 अनिवार्य पाठ्यक्रमों का अध्ययन करना होगा ।

## उद्देश्य

**वैदिक गणित में प्रमाणपत्र (CVG)** कार्यक्रम का उद्देश्य वेदों में निहित गणितीय ज्ञान से अधिगमकर्त्ताओं को परिचय करवाना है । वैदिक गणित कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों में कठिन से कठिन गणितीय गणना को सरल, शीघ्र, रोचक व सटीक रूप से हल करने की क्षमता का विकास कर आत्मविश्वास और कौशल में वद्धि करना है । प्रस्तुत कार्यक्रम छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में जटिल गणितीय गणना को हल करने और सफलता दिलाने में सहयोगी होगा । इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए किसी भी संकाय कला/विज्ञान/वाणिज्य से सम्बन्धित छात्र इस कार्यंक्रम में प्रवेश ले सकते है।

**वैदिक गणित में प्रमाणपत्र (CVG)** कार्यक्रम के सामान्य उद्देश्य निम्नरूपेण हैं –

- वेद ज्ञाननिधि के अक्षयकोश है । शायद ही संसार का कोई ऐसा विषय होगा जो वेद की परीधि से बाहर हो । अतः वैदिक गणितीय ज्ञान परंपरा का परिचय प्राप्त कर सम्प्रेषण और विस्तार करना ।
- छात्रों में गणितीय गणना को आसानी से हल करने की कुशलता का विकास करना ।
- प्रस्तुत कार्यक्रम के अध्ययन द्वारा वैदिक धरोहर से छात्रों को परिचित करवाना क्योकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 भी वेदों के अध्ययन पर बल देती है ।
- छात्रों में बौद्धिक ,तर्कशक्ति ,चिन्तनशक्ति ,गवेषणात्मक शक्ति इत्यादि के विकास पर बल देना ।
- सत्रीय कार्य और अभ्यास के माध्यम से शिक्षार्थियों को पढ़ने और लिखने के कौशल से परिचित कराना

- संस्कृत विषय के शिक्षार्थियों के अतिरिक्त अन्य विषयों के शिक्षार्थियों को भी वैदिक अध्ययन की ओर प्रेरित करना ।

**पात्रता** –10+2 (कला / विज्ञान / वाणिज्य ) उत्तीर्ण अथवा समकक्ष

**शिक्षा का माध्यम** –हिंदी

**अवधि** –न्यूनतम 6 माह तथा अधिकतम 2 वर्ष , जनवरी और जुलाई दोनों प्रवेश सत्रों में प्रस्तावित ।

**शुल्क संरचना–** ₹ 2000 / + ₹ 200 (पंजीकरण शुल्क)

विश्वविद्यालय अपने सभी कार्यक्रमों के लिए क्रेडिट प्रणाली का अनुसरण करता है । 01 क्रेडिट शिक्षार्थी के अध्ययन के समय के 30 घंटे के बराबर है। 01 क्रेडिट में निर्धारित 30 घण्टे का अभिप्राय केवल मात्र लिखित सामग्री का अध्ययन करना ही नहीं है अपितु इसमें दृश्य –श्रव्य सामग्री के अध्ययन में व्यतीत होन वालें घंटे टेलीकॉन्फ्रेंस, टेलीकम्युनिकेशन और असाइनमेंट में व्यतीत किया जाने वाला समय भी इसमें शामिल होगा उदाहरण के लिए ज्ञानवाणी, ज्ञानदर्शन ,स्वयंप्रभा स्वयं ,ज्ञानकोश इत्यादि में व्यतीत होन वाला समय भी इन घंटों में समाहित होगा । छात्रों को चार क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 120 घंटे अध्ययन की आवश्यकता है । **वैदिक गणित में प्रमाणपत्र कार्यक्रम** में प्रवेशित अधिगमकत्ताओं को 4 अनिवार्य पाठ्यक्रमों का अध्ययन करना होगा । प्रत्येक पाठ्यक्रम 4 क्रेडिट का होगा समस्त 4 पाठ्यक्रम कुल 16 क्रेडिट के होंगे इसलिए वैदिक गणित में प्रमाणपत्र कार्यक्रम के छात्रों को सम्पूर्ण कार्यक्रम में 480 घण्टे व्यतीत करने होंगे ।

**वैदिक गणित में प्रमाणपत्र कार्यक्रम की पाठ्यचर्या          क्रेडिट 16 कुल**

**प्रथम पाठ्यक्रम          क्रेडिट 4**

**संस्कृत में गणितीय परंपरा**

**(Mathematical Tradition in Sanskrit)**

**खण्ड 1 भारतीय गणित एक परिचय**

इकाई 1 प्राचीन भारतीय गणित का संक्षिप्त परिचय

इकाई 2 वैदिक गणित की विशेषताएँ और तीन का नियम

इकाई 3 लगध ज्योतिष  (यजूष ज्योतिष) (4 श्लोक– यथा शिखा..)

इकाई 4 उत्तर वैदिककालीन भारतीय गणित (बौद्ध,जैन इत्यादि)

इकाई 5  गणित के तकनीकी शब्द–  बीजगणित, कलन, संख्या, अंक, शून्य ,अनंत, दशमलव, वर्ग एवं वर्गमूल तथा घन एवं घनमूल इत्यादि

**खण्ड 2  भारतीय गणितीय शास्त्र**

इकाई 6 लीलावती भाग 1 – परिभाषा प्रकरण (1–5 पद्य)

इकाई 7 लीलावती भाग 2 – अंकों का स्थानीय मान (लीलागल.......कृताः पूर्वैः)

इकाई 8 लीलावती भाग 3 – योगविधि (कार्यः कमात्....., अये बाले! लीलावति)

इकाई 9 आर्यभट्ट गणित पाद (1–5 पद्य)

**द्वितीय पाठ्यक्रम** **क्रेडिट 4**

**वैदिक अंकगणित**

**( Vedic Arithmetic )**

**खण्ड 1 वैदिक गणित सूत्र**

इकाई 1.  एकाधिकेन पूर्वेण

इकाई 2.  एकन्यूनेन पूर्वेण

इकाई 3. उर्ध्वतिर्यग्भ्याम्

इकाई 4. निखिल नवतश्चरमं दशत :

इकाई 5. शून्यं साम्यं समुच्चये

**खण्ड 2 भारतीय गणितज्ञों का योगदान**

इकाई 6 अंकगणित का प्रादुर्भाव

इकाई 7 आर्यभट्ट एवं ब्रह्मगुप्त

इकाई 8 महावीर आचार्य, श्रीपति,

इकाई 9 वररुचि, श्रीधराचार्य, श्रीनिवास रामानुजन, भारती कृष्णतीर्थ आादि

**तृतीय पाठ्यक्रम** **क्रेडिट 4**

## वैदिक बीजगणित

## ( Vedic Algebra)

### खण्ड 1 वैदिक बीजगणित

इकाई 1 वैदिक बीज गणित एक परिचय

इकाई 2 वैदिक सूत्र बीजगणित- परावर्त्य योजयेत्, गुणित समुच्चयः,
गुणक समुच्चयः

इकाई 3 लीलावती – गुण्यान्त्यमंकम्............अन्वितवर्जितो वा ।

इकाई 4 लीलावती – वर्गकरणसूत्र ( समद्विघातः.........समन्वितो वा )

.

### खण्ड 2 भारतीय गणितज्ञों का बीजगणित में योगदान

इकाई 5 बीजगणित का प्रादुर्भाव

इकाई 6 वराहमिहिर, भास्कराचार्य , श्रीराम अभ्यंकर,

इकाई 7 नीलकंठ सोमयाजी, शिवा पिल्लै , महावीर आचार्य

**चतुर्थ पाठ्यक्रम** **क्रेडिट 4**

## वैदिक रेखागणित एवं त्रिकोणमिति

## (Vedic Geometry and Trigonometry)

### खण्ड 1 भारतीय रेखागणित : एक परिचय

इकाई 1 भारत में रेखा गणित की व्युत्पत्ति एवं क्रमिक विकास

इकाई 2 **बौधायन शुल्व-सूत्र परिचय**

इकाई 3 कोण. लम्ब एवं कर्ण

इकाई 4 वृत्त

### खण्ड 2 त्रिकोणमिति

इकाई 5 सूर्य सिद्धान्त में वर्णित त्रिकोणमिति

इकाई 6 आर्यभट्टीयम में वर्णित त्रिकोणमिति

इकाई 7 प्राचीन भारत में कालगणना

इकाई 8 प्राचीन भारत में कालगणना के उपयोगी यन्त्र

इकाई 9 बोधायन,माधवन,शंकर परियार ,सरस्वती अम्मा, परमेश्वरन

## कुछ उपयोगी सम्पर्क सूत्र

---

विशिष्ट जानकारी या समस्या के समाधान के लिए विश्वविद्यालय में सम्बन्धित कार्यालयों के पते और सपंर्क नबंर और ईमेल की सूची निम्नवत है–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पहचान पत्र, शुल्क प्राप्ति रसीद, मलू प्रमाण पत्र, प्रवास प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति फॉर्म | संबंधित क्षेत्रीय केंद्र |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | अध्ययन सामग्री न मिलने पर | सामग्री उत्पादन एवं वितरण विभाग |
| 3. | परीक्षा फॉर्म, प्रवेश परीक्षा, तिथि पत्रक, इग्नू हॉल टिकट की अनुसूची / सूचना | उप–कुलसचिव, परीक्षा–III वि.मू. प्रभाग, ब्लॉक–12, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068, ई. मेल : evaluationsed@ignou.ac.in फोन नं. 29536743, 29535924–32 / एक्स–2202, 2209 |
| 4. | परीक्षा परिणाम, पुनः जाँच, ग्रेड कार्ड, अस्थाई (अंनतिम) प्रमाण–पत्र, परीक्षाफल की समयपूर्व घोषणा ट्रांस्क्रिप्ट | उप–कुलसचिव, परीक्षा–III वि.मू. प्रभाग, ब्लॉक–12, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068, ई. मले : sedgrievance@ignou.ac.in फोन : 29536103, 29535924–32 / एक्स–2201, 2211, 1316 |
| 5. | सत्रीय कार्यों के ग्रेड / अंकों का अंकसूची में न जुड़ना | उप कुलसचिव, (सत्रीय कार्य ) वि.म. प्रभाग, ब्लॉक 3, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068, ई. मेल : assignments@ignou.ac.in फोन, 29535924, / एक्स–1312 1319, 1325 |
| 6. | मूल डिग्री / डिप्लोमा, डिग्री / डिप्लोमा का सत्यापन | सहा. कुलसचिव (परीक्षा–I) वि.मू. प्रभाग, ब्लॉक–9, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068, ई. मले : evaluationsed@ignou.ac.in फोन नं. 29535438, 29535924–32 / एक्स–2224, 2213 |
| 7. | मूल्यांकन से संबंधित विद्यार्थी की शिकायत | सहायक कुलसचिव (विद्यार्थी शिकायत), वि.मू.प्र., खंड–3, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–68, ई. मेल : sedgrievance@ignou.ac.in फोन : 29532294, 29535924–32 / एक्स–1313 |
| 8. | शैक्षिक विषयवस्तु | संबंधित विद्यापीठ का निदेशक |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | विद्यार्थी सहायता सेवाएँ और विद्यार्थियों की शिकायतें, इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश पूर्व पूछताछ | निदेशक, विद्यार्थी सहायता केंद्र, इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली 110068, ई. मेल ssc@ignou.ac.in फोन नं. 29535714, 29533869, 2953380 फैक्स–29533129 |


कार्यक्रम संयोजक (वैदिक गणित में प्रमाणपत्र )
डा. पुष्पा एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत
मानविकी विद्यापीठ, इग्नू
ई मेल –dr.pushpa@ignou.ac.in
सम्पर्क –01129572792